बीमारियाँ, गरीबी-बेरोज़गारी, मानसिक रुग्णता कृषि, शिक्षा और आत्महत्याएं

भारत - 2017

{एक सूचना पत्रक}

सचिन कुमार जैन

विकास संवाद, मध्यप्रदेश

[vikassamvad@gmail.com / www.mediaforrights.org]

जब संकट ख़ुदकुशी करवाने लगे;

(भारत में खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों की आत्महत्याएं)

हम एक ऐसे समाज में पैदा हुए हैं, जो अपने अतीत पर लगभग श्रृद्धा रखता है. अपनी सभ्यता, आध्यात्म और अस्मिता पर जिसे गर्व से कम कुछ महसूस नहीं होता. बहरहाल जाति, लैंगिक भेद और असामनता की बेड़ियों की आवाज़ में भी इसे संगीत ही सुनाई देता है. वर्तमान सन्दर्भ में देखें, तो आप पायेंगे कि हमारे समाज का बड़ा तबका हर पल सकारात्मकता से स्नान करता है. वह तेज़ी से बढ़ रहे संकट से छिप कर आगे बढ़ना चाहता है. यहां आत्मविश्लेषण पर आत्मश्लाघा पूरी तरह से हावी है. वास्तव यह वक्त है खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के जीवन को सम्मान देने वाली नीतियों और राज्य व्यवस्था के निर्माण का. जानते हैं चार क्षेत्रों संकट का स्तर क्या है; जरा देखिये 15 सालों (वर्ष 2001 से 2015) में कितने लोगों ने ख़ुदकुशी की - -

भारत में कुल आत्महत्याएं	**- 1841062**
कृषि क्षेत्र में आत्महत्याएं	**- 234657**
बीमारियों से पीड़ित आत्महत्यायें	**- 384768**
अनुत्तीर्ण होने से आत्महत्यायें की संख्या	**- 34525**
विद्यार्थियों की आत्महत्याएं	**- 99591**
गरीबी और बेरोज़गारी के कारण आत्महत्याएं	**- 72333**

जब एक व्यक्ति आत्महत्या करता है, तब केवल एक व्यक्ति खतम नहीं होता; अकसर एक परिवार और कभी कभी परिवारों का समूह खतम हो जाता है. मैं सोचता हूँ कि एक समाज के रूप में हम जिस आध्यात्म और संस्कृति पर खूब विश्वास करते हैं, एक व्यक्ति के रूप में उससे उतना ही दूर क्यों नज़र आते हैं? अहिंसा, जनकल्याण और मूल्यों की चर्चा में मशगूल समाज आत्मघाती क्यों हो रहा है? क्या हमारी सभ्यता, संस्कृति और आध्यात्म किसी भी स्तर पर और किसी भी रूप में "टूटकर बिखर जाने" का सन्देश देती है? मसलन एक छात्र के रूप में यदि मैं परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाऊं, तो क्या मुझे आत्महत्या कर लेना चाहिए? मसलन यदि एक किसान के रूप में यदि मेरी फसल खराब हो जाए और मुझे पर कर्जा हो जाए, तो क्या मुझे आत्महत्या कर लेना चाहिए? या फिर मुझे कोई बीमारी हो, हो सकता है कि उससे मैं मर जाऊं; पर बीमारी से पहले ही मुझे खुद को मार लेना चाहिए? निसंदेह किसी सांस्कृतिक सिद्धांत या ग्रन्थ में आत्महत्या को स्वीकार्य गतिविधि या कर्म नहीं माना गया है. इसके उलट आत्महत्या एक किस्म का धार्मिक और सामाजिक अपराध ही है.

लेकिन भारतीय सन्दर्भ में आखिर वस्तुस्थिति क्या है? हमें एक तथ्य चौंकाता है. वह तथ्य भारत में आत्महत्याओं से जुड़ा हुआ है. इस देश में पिछले 15 सालों में हर एक घंटे में चार लोग कहीं न कहीं, किसी न

किसी रूप में आत्महत्या करते हैं. इन डेढ़ दशकों में भारत में लगभग 18.41 लाख लोगों ने आत्महत्या की है. जीवन में ऐसी कौन सी परिस्थितियां बन रही हैं, जिनमें लाखों लोगों को जीवन में मुक्ति का रास्ता दिखाई नहीं देता. उन्हें ख़ुदकुशी में मुक्ति का रास्ता दिखाई देता है.

ये तथ्य हमें अपने समाज, अपनी राजनीति, अपनी अर्थव्यवस्था, अपने वर्तमान तानेबाने, अपनी शिक्षा समेत सभी पहलुओं पर एक बार फिर से विचार करने और बदलने की प्रेरणा देते हैं.

कहीं ऐसा तो नहीं है, हमने सामाजिक और आर्थिक बदलाव का रास्ता ही ऐसा चुना है, जो कई लोगों को आत्महत्या की तरफ ही लेकर जाता है! थोड़ा बिन्दुवार नज़र डालते हैं -

खेती (किसान आत्महत्या संख्या - 234657) : नेशनल सेम्पल सर्वे आर्गनाइजेशन के अध्ययन - सिचुएशन असेसमेंट आफ एग्रीकल्चर हाउस होल्ड्स के मुताबिक भारत में 9.02 करोड़ परिवार खेती पर निर्भर है यानी उनकी आय का बड़ा हिस्सा खेती के काम से आता है. इससे यह भी पता चलता है कि खेती पर निर्भर परिवारों का औसतन 60 प्रतिशत योगदान खेती से आता है. राज्यों में इसका स्तर अलग अलग है. पश्चिम बंगाल में यह योगदान 30 प्रतिशत और केरल में 34 प्रतिशत है, तो वहीँ हरियाणा में 73 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 76 प्रतिशत है. ऐसे में स्वाभाविक है कि खेती करने वालों को राज्य का संरक्षण मिलना चाहिए; परन्तु हो इसके उलट रहा है. उत्पादन लागत बढ़ रही है, मौसम के बदलाव से लगातार फसलें बर्बाद हो रही हैं, कारपोरेट खेती को संरक्षण मिलने से छोटे और मझोले किसान भूखे मरने की स्थिति में हैं. पिछले कुछ सालों में हम लगातार सुन-पढ़ रहे हैं कि किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं क्योंकि उन्हें जीवन में खेती के संकट से उबरने का विकल्प ही नज़र नहीं आ रहा है. राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो) की वर्ष 2001 से 2015 के बीच की वार्षिक रिपोर्ट्स का अध्ययन करने से पता चला कि इन 15 सालों में भारत में 2.28 लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली. लगभग 19 प्रतिशत किसानों ने खेती के बर्बाद होने के कारण आत्महत्या की, जबकि 31 प्रतिशत ने कर्जदारी और क़र्ज़ चुका न पाने की स्थिति के कारण आत्महत्या की. इसके अलावा अगर हम थोड़ा नज़र दौडाएं तो पायेंगे कि इन्ही सालों में हज़ारों किसान कृषि की बर्बादी के कारण “आघात, अवसाद और भय” के चलते दम तोड़ गए. इनका कहीं कोई रिकार्ड नहीं है, बस कहानियाँ हैं.

किसान आत्महत्याओं में सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र (56210), आँध्रप्रदेश (30149), कर्नाटक (29543), मध्यप्रदेश (19768), केरल (15039) में दर्ज हुए. बड़े राज्यों की सूची में ओड़ीसा (2915), राजस्थान (7267), उत्तरप्रदेश (7774), पश्चिम बंगाल (11721), बिहार (950) आत्महत्याएं दर्ज हुईं. ऐसा लगता है कि जिन राज्यों ने आर्थिक विकास की नयी नीतियों को खेती की कीमत पर आगे बढ़ाया है, वहां किसान ज्यादा संकट में आया है.

स्वास्थ्य (बीमरियों से पीड़ित आत्महत्या की संख्या - 384768) : भारत में इस सदी के पहले 15 सालों में लगभग 3.84 लाख लोगों ने आत्महत्या की, जिसका कारण थीं बीमारियाँ. अस्थमा, अवसाद, डिमेंशिया, कैंसर, पैरालिसिस और अन्य लंबी असाध्य बीमारियाँ.

बीमारी के कारण हुई आत्महत्याओं के सन्दर्भ में हमें यह जानना होगा, इनमें से 1.18 लाख व्यक्तियों ने मानसिक रोगों के प्रभाव में और 2.37 लाख लोगों ने लंबी बीमारियों से प्रभावित होकर आत्महत्या कर ली. अपने आप में अवसाद, बायपोलर डिसआर्डर, डिमेंशिया और स्कीजोफ्रीनियाँ का सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया. ये ऐसे रोग हैं, जिनमें व्यक्ति अपने आप को और अपने व्यवहार को ही नियंत्रित नहीं कर पाता है.

भारत में इन 15 सालों में बीमारी के कारण सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र (63013), आंध्रप्रदेश (48376), तमिलनाडु (50178), कर्नाटक (48053) और केरल (37465) में हुईं. इन पांच राज्यों में इस कारण हुई कुल आत्महत्याओं में से 247085 यानी 64 फीसद मामले दर्ज हुए.

हमें इस पहलू पर भी नज़र डालना होगी कि देश में पैरालिसिस (9036), कैंसर (11099), एचआईवी (9415) के कारण भी आत्महत्याएं हुईं.

ये तथ्य दर्शाते हैं को लोक स्वास्थ्य सेवाओं को जिस तरह से कमज़ोर बना कर रखा गया है, उनका समाज पर बहुत गहरा असर पड़ता है. बीमारियों के सन्दर्भ में लोग तभी आत्महत्याएं करते हैं, जब उन्हें यह महसूस होने लगता है कि उनकी बीमारी पर बहुत आर्थिक व्यय हो रहा है और इससे परिवार कर्ज़दार हो गया है. साथ ही कई मामलों में परिवार और समाज में उन्हें कटु व्यवहार का सामना करना पड़ता और जब वे एकाकी होते जाते हैं. भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 70 प्रतिशत लोग सार्वजनिक यानी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करते हैं, किन्तु इसके बावजूद भी उन्हें कुल स्वास्थ्य व्यय का 80 फीसदी हिस्सा खुद वहां करना पड़ता है. यानी जांचें, दवाएं सरीखे खर्चे लोगों पर ही डाले जाते हैं. नियमित अंतराल पर राज्य और केंद्र सरकारें स्वास्थ्य योजनाएं लागू करती रहती हैं, किन्तु स्वास्थ्य के हक को कानूनी और मूलभूत अधिकार का जामा नहीं पहनाती है. आमतौर पर भारतीय नागरिक स्वास्थ्य योजनाओं के तहत हितग्राही होता है, स्वास्थ्य सेवा का हकदार नहीं! जरा विचार कीजिये कि बीमारियों के आर्थिक, शारीरिक और भावनात्मक आघात से हम सभी वाकिफ हैं, किन्तु हमारी स्वास्थ्य सेवाओं में "मरीज़ नागरिकों" के लिए परामर्श और सलाह की व्यवस्था ही नहीं होती है. इस व्यवस्था से मरीज़ नागरिकों" से संवाद करके उनकी मनःस्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है और आत्महत्या जैसा कदम उठाने से रोका जा सकता है. इसके उलट हमारी स्वास्थ्य संस्थाएं मरीजों और उनके परिजनों से दुर्व्यवहार करने के लिए कुख्यात हो गयीं हैं.

परीक्षा में अनुत्तीर्ण (अनुत्तीर्ण होने से आत्महत्या की संख्या - 34525) : 15 सालों के अवधि में 34525 आत्महत्याएं इस कारण हुईं क्योंकि आत्महत्या करने वाला परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया था. हमारी भेदभाव से

भरपूर असमान शिक्षा प्रणाली पर क्यों विचार नहीं होना चाहिए, जो हज़ारों बच्चों को आत्महत्या का प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए बाध्य करती हो.

जिस तरह की प्रतिस्पर्धा हमने शिक्षा व्यवस्था में डाली है. वह आखिर में "फांसी का फन्दा या जहर" की पैदा करती है. हमारे यानी आम लोगों के मन में यह सवाल क्यों नहीं खड़ा होता है कि शिक्षा जीवन का निर्माण करने वाली होना चाहिए या जीवन को खतम करने वाली! बात अब केवल उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण होने तक ही सीमित नहीं है; अब बच्चे हांके जाते हैं 100 फ़ीसदी अंकों की तरफ; अगर जीवन में कुछ बनना है तो 100 फीसदी अंक चाहिए; जीवन में कुछ बनने की परिभाषा क्या है? डाक्टर, इंजीनियर, महाप्रबंधक या फिर अच्छा खिलाड़ी, कवि, साहित्यकार, चित्रकार भी इसमें शामिल हैं; बेहतर जीवन या बेहतर व्यापार का मतलब है खूब मुद्रा यानी धन हासिल करना. इस धन को हासिल करने के लिए हम अपने संसाधन यानी अपने इंसान होने के स्थिति को बलि पर चढ़ा देते हैं. आखिर जिस तरह की महत्वाकांक्षा और भारी अपेक्षाएं शिक्षा से जोड़ दी गयीं हैं, वे बच्चों को आत्महत्या की तरफ ही लेकर जाती है.

अनुत्तीर्ण होने के कारण भारत में जिन राज्यों से सबसे ज्यादा आत्महत्याएं हुईं, वे हैं - पश्चिम बंगाल (5878), महाराष्ट्र (4375), तमिलनाडु (3857), आँध्रप्रदेश (2973), कर्नाटक (2493).

विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्याएं (विद्यार्थियों की आत्महत्या संख्या - 99591) : क्या भारत में युवाओं के लिए कोई प्रतिबद्ध नीति और व्यवस्था है? बिलकुल नहीं! इसके उलट हर कोई युवाओं पर अपनी इच्छाओं का गट्ठर रखता जा रहा है. जीवन एक हर एक दिन में उनसे चार दिन जीने की उम्मीद की जा रही है. शिक्षा से लेकर कौशल निर्माण तक उन्हें प्रताड़ित ही कर रहा है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि परिवार, समाज और बाज़ार उनसे जीवन की हर विलासिता को जुटा लाने की उम्मीद करते है, इसके लिए युवाओं को अपना निजी व्यक्तित्व बनाने का अवसर ही नहीं मिलता है. ऐसे में परीक्षा ने अनुत्तीर्ण होने या घरेलू समस्याएं होने या फिर प्रेम में असफल हो जाने पर वे तुरत-फुरत आत्महत्या का कदम उठाते हैं. यह वक्त की जरूरत है कि हम बच्चों को संयम और विचार करना सिखाएं. उन्हें हम आत्महत्या के लिए मजबूर न करें.

विद्यार्थियों ने जिन राज्यों में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं की हैं, वे हैं - महाराष्ट्र (14003), पश्चिम बंगाल (12377), तमिलनाडु (8492), आँध्रप्रदेश (8021), कर्नाटक (7876).

भारत में आत्महत्याओं के कारण - 2001 से 2015					
क्षेत्र	कुल आत्महत्याएं	बीमारियों के कारण कुल आत्महत्याएं	कुल परीक्षा में असफलता के कारण आत्महत्याएं	कुल विद्यार्थी द्वारा आत्महत्याएं	कुल किसान द्वारा आत्महत्याएं
भारत	1841062	384768	34525	99591	234657
मध्यप्रदेश	119085	20579	2262	6577	19768
राजस्थान	63803	9862	816	2953	7267
उत्तरप्रदेश	59458	7756	1612	3975	7774
पश्चिम बंगाल	202897	24548	5878	12377	11721
तमिलनाडु	212313	50178	3857	8492	12097
केरल	133278	37465	1085	4627	15039
महाराष्ट्र	230288	63013	4375	14003	56210
बिहार	11538	878	389	999	950
ओड़ीसा	66947	4103	1105	4409	2915
दिल्ली	22856	1597	645	2464	174
कर्नाटक	179962	48053	2493	7876	29543
आँध्रप्रदेश	189754	58376	2973	8021	30149
गुजरात	87814	20957	1275	4596	7949

बीमारियाँ क्यों है आत्महत्या का बड़ा कारण?

अक्टूबर 2016 में दिल्ली में प्रेम कुमार घर से घूमने के लिए निकले. अलग अलग स्टेशनों पर गए. एक जगह पर सुरक्षा कर्मियों ने उनके व्यवहार को भांपा और उन्हें अपनी सुरक्षा में ले लिया. अपराध के नज़रिए कुछ संदिग्ध नहीं लगा, तो उन्हें छोड़ भी दिया. एक घंटे बाद उन्होंने मेट्रो ट्रेन के सामने कूद कर अपने जीवन की कहानी को खतम कर लिया. उनका कुछ सालों से मानसिक रोग का एम्स में इलाज़ चल रहा था.

महारष्ट्र के सतारा में सुलक्षणा के पेट में ट्यूमर था. बहुत दर्द रहता था. इलाज़ से दर्द दूर नहीं हो रहा था. अपने पोते से उन्होंने घर के लिए चूहा मारने की दवा मंगवाई. दूसरे दिन दवा के स्थान पर उन्होंने चूहा मार दवा खा ली.

उत्तरप्रदेश में सीताराम को अकसर सिर में असहनीय दर्द होता था. पता नहीं वह कितना असहनीय दर्द रहा होगा कि सीताराम को उस दर्द को सहने से बेहतर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लेना ज्यादा बेहतर विकल्प लगा.

मध्यप्रदेश के सिरोंज क्षेत्र में एक किशोर ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसे लगता था कि उसे कोई गंभीर यौन रोग है. उसने विज्ञापनों से मिली जानकारी के आधार पर चुपचाप खुद के इलाज़ की कोशिश की, पर उससे कोई संवाद तो कर ही नहीं रहा था. एक समय पर उसे लगा कि अब वह अच्छा जीवन नहीं जी सकता है, तब उसनें आत्महत्या कर ली.

भारत में वर्ष 2001 से 2015 की अवधि में 3.85 लाख आत्महत्याओं का कारण रहीं बीमारियाँ!

ख़ुदकुशी और बीमारियाँ

लंबी, गंभीर या पीड़ादायक बीमारी व्यक्ति को कभी-कभी विषाद, पराभव और विषण्णीता की ऐसी चरम स्थिति में ले जाती है, जब वे स्वयं का अंत कर लेना चाहते हैं. हकीकत यह है कि व्यक्ति को हमेशा बीमारी मृत्य तक लेकर नहीं जाती. कई मर्तबा बीमारी से पहले व्यक्ति खुद को मृत्यु तक ले जाता है और आत्महत्या कर लेता है. भारत में गरीबी, बेरोजगारी, कर्जे तले दबा होना, पारिवारिक समस्याएं, मुहब्बत का असफल हो जाना, परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाना, किसानों का फसल बर्बाद हो जाना सरीखे कई कारण हैं, जिनके चलते लोग अपना जीवन खतम कर लेते हैं. इनमें से बीमारी एक बड़ा कारण दिखाई देता है, बीमार व्यक्ति ख़ुदकुशी करने का कदम कब उठता है -

- जब व्यक्ति अवसाद से भर जाता है, तनाव और उन्माद के कारण उसमें आत्महत्या की मानसिकता विकसित हो जाता है; मानसिक रोगों की स्थिति में आत्महत्या का कदम उठाया जा सकता है;
- जब दर्द या पीड़ा असहनीय हो जाता है; यह स्थिति बनती है पर हमारे यहाँ स्वास्थ्य सेवाओं में भावनात्मक उपचार और परामर्श की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है.

- जब भावनात्मक रूप से अप्रिय स्थिति बनती है; जब व्यक्ति को यह अहसास होता है कि उसकी बीमारी के सन्दर्भ में परिजन कटु और अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं;
- जब बीमारी का इलाज़ सामाजिक और आर्थिक स्थिति को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है;
- जब वह अपनी परिजनों और करीबियों को तकलीफ नहीं देना चाहता है;
- जब उसे महसूस होने लगता है कि अब उसकी बीमारी का कोई उपचार नहीं है;
- जब उसे लगता है कि वह बोझ है और परिवार के कामों में या जरूरतों को पूरा करने में कोई योगदान नहीं दे पा रहा है;
- परिवार या सामाजिक समूहों से दूर होना;
- अकेलेपन या बहिष्कार का अहसास होना; जब कोई सामाजिक संरक्षण व्यवस्था का अभाव होता है;

भारत में वर्ष 2015 में 1,33,623 लोगों ने ख़ुदकुशी करके अपना जीवन खतम कर लिया. लोगों की आत्महत्या में दो सबसे बड़े ज्ञात कारण थे - पारिवारिक समस्याएं और बीमारियाँ; परिवारों में होने वाले टकरावों, एक-दूसरे को स्वीकार और सहन न कर पाने की बढ़ती प्रवर्ति, रिश्तों की कमज़ोर होना; ऐसी स्थितियां हैं, जो पारिवारिक समस्या के रूप में आत्महत्या का कारण बनी. अब जरा स्वास्थ्य के नज़रिए से इस व्यवहार को देखने-महसूस करने की कोशिश करते हैं. अकेले वर्ष 2015 में भारत में 21178 लोगों ने बीमारियों के कारण आत्महत्या कर ली. यह तो एक साल की संख्या है. अपन जरा लंबी अवधि में इसे देखने की कोशिश करते हैं.

राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो (एनसीआरबी) के वर्षवार प्रतिवेदनों का अध्ययन करने से पता चलता है कि वर्ष 2001 से 2015 के बीच भारत में कुल 18.41 लाख लोगों ने आत्महत्या की. इनमें से 3.85 लाख लोगों (लगभग 21 प्रतिशत) ने विभिन्न बीमारियों के कारण आत्महत्या की. इसका मतलब है कि भारत में हर एक घंटे में 4 लोग बीमारी से तंग आकार आत्महत्या करते हैं. हर पांच में एक आत्महत्या बीमारी के कारण होती है. इस मसले पर स्वास्थ्य मंत्रालय को स्वास्थ्य के अधिकार के नज़रिए से देखना होगा.

हमें यह जानना होगा, इनमें से 1.18 लाख व्यक्तियों ने मानसिक रोगों के प्रभाव में और 2.37 लाख लोगों ने लंबी बीमारियों से प्रभावित होकर आत्महत्या कर ली. अपने आप में अवसाद, बायपोलर डिसआर्डर, डिमेंशिया और स्कीजोफ्रीनियाँ का सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया. ये ऐसे रोग हैं, जिनमें व्यक्ति अपने आप को और अपने व्यवहार को ही नियंत्रित नहीं कर पाता है.

भारत में इन 15 सालों में बीमारी के कारण सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र (63013), आंध्रप्रदेश (48376), तमिलनाडु (50178), कर्नाटक (48053) और केरल (37465) में हुईं. इन पांच राज्यों में इस कारण हुई कुल आत्महत्याओं में से 247085 यानी 64 फीसद मामले दर्ज हुए.

हमें इस पहलू पर भी नज़र डालना होगी कि देश में पैरालिसिस (9036), कैंसर (11099), एचआईवी (9415) के कारण भी आत्महत्याएं हुईं.

वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि सामाजिक और सांस्कृतिक कारक भी इस व्यवहार को प्रभावित करते हैं. जिन समुदायों या समूहों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पंहुच सीमित रखी जाती है और जिन्हें स्वास्थ्य सेवा का सहयोग लेने से हतोत्साहित किया जाता है; उनमें आत्महत्या की भावना ज्यादा गहरी होती है.

किन स्थितियों में आत्महत्या के भाव ज्यादा सक्रिय होते हैं?

- मानसिक विकार (अवसाद, स्कीजोफ्रेनिया, बायपोलर डिसआर्डर आदि) होने पर - 2 से 20 गुना ज्यादा
- शराब, नशीली दवाओं, दर्द निवारक दवाओं पर निर्भरता होने पर - 50 से 70 प्रतिशत ज्यादा
- उन्माद (एंग्जायटी) - 22 प्रतिशत ज्यादा
- कैंसर, किडनी खराब होने, एचआईवी, रुमेटाइड आर्थिराईटिस - आम लोगों की तुलना में ज्यादा सक्रिय मनोभाव, देखरेख और संवेगात्मक व्यवहार के अभाव में आत्महत्या की कोशिश ज्यादा;

बीमारी में आत्महत्या क्यों?

बहरहाल किताबों में तो यही लिखा है कि निराशाजनक स्थितियों, भय की भावना, उन्माद, नाउम्मीदी और भविष्य के प्रति असुरक्षा के कारण व्यक्ति जीवन से बचने की कोशिश करता है. भारत में मानसिक स्वास्थ्य की व्यवस्थाएं बेहद कमज़ोर हैं, किन्तु समाज के स्तर पर तो भारतीय समाज मानसिक रोगों से निपटने में अपनी व्यवस्था का संचालन करता रहा है. वह व्यवस्था है परिवार और रिश्तों की व्यवस्था; जहाँ परिवार या सम्बन्धियों की देखभाल, सुरक्षा और उपचार में सहायता की परंपरा रही है. जैसे-जैसे हमने आर्थिक बदलाव की ऐसी सोच को लागू करना शुरू किया, जिसमें "व्यक्ति और व्यक्ति के हित समाज और परिवार से ऊपर" होते हैं, तो उसका असर जीवन के अन्य दूसरे पक्षों पर भी पड़ा. क्या बीमार होना या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना, अपने आप में "आत्महत्या का सामान्य" कारण माना जा सकता है? मुझे लगता है कि नहीं! लेकिन हम इस बात से भी इनकार नहीं कर सकते हैं कि बदलते सामाजिक ताने बाने में "गंभीर बीमारियों से पीड़ित" व्यक्ति को बोझ माना जाने लगा है. पीड़ित व्यक्ति को बार बार यह अहसास करवाया जाता है कि उनकी स्थिति के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ रहा है और अन्य परिजनों की "स्वतंत्रता" बाधित हो रही है. भारतीय समाज में विकलांगों की स्थिति और बुजुर्गों की समाज में स्वीकार्यता कम हुई है. उनकी मौजूदगी को लेकर समाज के एक हिस्से का व्यवहार सामान्य नहीं होता. वह तिरस्कारपूर्ण और भेदभावपूर्ण होता है. पीढ़ियों के बीच की दूरी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि यदि आप बीमार या विकलांग है या किसी विपदा में हैं, तो परिवार या समाज के सहयोग की अपेक्षा करने के बजाये खुद को खतम कर लीजिए. दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि एक व्यक्ति तो मर जाता है, पर शायद समाज में कोई खलबलाहट फिर भी नहीं मचती.

लंबी बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति भी पूरी तरह से सजग और चेतनाशील होता है. उसे जब यह दिखाई देता है कि उनका परिवार, उनके इलाज़ पर इतना खर्च कर रहा है कि वे कर्जे में आ जायेंगे और इसके बाद भी पूरे उपचार की गुंजाइश नहीं है, तब वह ख़ुदकुशी को एक बेहतर विकल्प मान लेता है. बहरहाल इस तरह की कोशिश करके सुरक्षित बच गए लोग बताते हैं कि वे वास्तव में मारना नहीं चाहते थे, बल्कि वे वास्तव में अपना दर्द खतम करना चाहते थे, इसलिए उन्होंने ऐसी कोशिश की.

हमें यह समझना होगा कि जो लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं, उनमें से ज्यादातर मानसिक विकार से ग्रस्त होते हैं या फिर नशीले-अचेतना को बढ़ावा देने वाले द्रव्यों का सेवन करते हैं. यदि समाज में मानसिक विकारों के बारे में लोक शिक्षण का काम हो, तो इस तरह के व्यवहार की संभावना को संकेतों से समझा जा सकता है.

सामाजिक संरचना का टूटना

कुछ महत्वपूर्ण सवाल हमें अपने आप से पूछना चाहिए. क्या वास्तव में जीवन को खतम कर लेना इतना आसान है? वह मनःस्थिति कैसी होती होगी, जब कोई भी व्यक्ति अपना जीवन खतम करने के बारे में सोचता होगा और इसके लिए सचमुच कदम उठा लेता होगा? अध्ययन बताते हैं कि जब निराशा, नाउम्मीदी और असफलता का अहसास अपने चरम पर पंहुच जाता है और व्यक्ति को लगता है कि अब जीवन में बेहतरी आना संभव नहीं है, तब वह अपना जीवन खतम करने के विकल्प पर विचार करता है. भारत में ख़ुदकुशी का व्यवहार यानी आत्महत्या की घटनाएं पिछले 5 दशकों में बढ़ती गयी हैं. संभवतः सामाजिक और आर्थिक संरचना में आये बदलावों ने व्यक्ति को आत्मिक रूप से बहुत कमज़ोर किया है. हमारे समाज में ऐसा क्या है कि व्यक्ति अपने मन की दुविधाओं, दुखों, पीड़ा को किसी से साझा नहीं करता? यदि वह ऐसा करे, तो शायद उसके दबाव को कम किया जा सकता है! मन की उन भावनाओं और झंझावात को समझ जा सकता है, जो उसे अस्थिर कर रही हैं.

आत्महत्याओं को केवल एक कानूनी प्रकरण मान कर खतम नहीं कर देना चाहिए. यह तो व्यक्ति के टूट जाने पर होने वाली चरम स्थिति होती है. जब व्यक्ति यह मान लेता है कि स्थिति नहीं सुधर सकती है, उसकी समस्या हल नहीं होगी, उसे कोई मदद नहीं करेगा, या उसके कारण अन्य लोगों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. उसे खुद का जीवन खतम कर लेना ही सबसे बेहतर विकल्प समझ आता है.

समाज में वस्तुतः आत्महत्या पर चर्चा करना अच्छा नहीं मान जाता है, इसलिए जब किसी व्यक्ति के मन में ये कृत्य करने का ख्याल आता भी है, तो वह इसके बारे में किसी से चर्चा नहीं करता है. यदि चर्चा हो, तो उसे आत्महत्या के मनोभावों से निकालने का जतन किया जा सकता है.

स्वास्थ्य सेवाओं में मानवीय व्यवहार का अभाव

एक सवाल स्वास्थ्य सेवाओं में काम करने वाले लोगों के मानवीय होने का भी है; भारत में चिकित्सा शिक्षा की व्यवस्था अच्छे डाक्टर तैयार करती होगी, किन्तु वे डाक्टर मरीजों से उनके परिजनों से कोई मानवीय भावनात्मक रिश्ता नहीं रखते. वे उनसे संवाद करके उन्हें यह भी नहीं बताते कि बीमारी क्या है? क्यों होती है? मरीज़ की वर्तमान स्थिति क्या है? उसका इलाज़ किस तरह होगा? यदि कोई समस्या हो तो मरीज़ उनसे बात कर सकता है या सवाल भी पूछ सकता है! एक व्यक्ति डाक्टर बन कर सबसे दूर हो जाता है. उसे लगता है कि मरीज़ की शारीरिक समस्या के बारे में उसनें जान लिया है, और अब वह कोई बात नहीं करेगा. अच्छे सहृदय डाक्टर भी यही कह देते हैं कि आपकी जानकार क्या करना है; हम अपना काम कर लेंगे! इस तरह का व्यवहार मरीज़, परिजन के मन में संशय पैदा कर देते हैं, वे स्थिति बिगड़ने पर भी चुप ही रहते हैं और मर्ज़ बढ़ता जाता है.

यह भी एक सच्चाई है कि लोक स्वास्थ्य सेवाओं में पदस्थ डाक्टरों की संख्या बहुत कम होने से उन पर दबाव बहुत बढ़ा है. इसका असर उनके व्यवहार पर पड़ता है. वे कुछ क्षणों में एक व्यक्ति की पड़ताल करने के लिए मजबूर होते हैं.

ख़ुदकुशी के बारे में कहा जाता है कि ख़ुदकुशी की कोशिश करने वाले सभी प्रयासकर्ता मारना नहीं चाहते हैं और सभी मरने की आकांशा रखने वाले व्यक्ति ख़ुदकुशी का जतन नहीं करते हैं; किन्ही खास परिस्थितियों ने शायद यह भावना ज्यादातर के मन में आती होगी कि जीवन खतम कर लिए जाए, तो समस्यायों से छुटकारा मिल जाएगा; पर लोग उस भावना को वयस्क नहीं होने देते. शायद मानव जीवन में जीवटता का अहसास यही होता है कि कल फिर सुबह होगी, कल फिर उजाला होगा; दूसरा सबसे अहम् अहसास होता है सामूहिकता और सामाजिकता का; बेहद निजी और व्यक्तिगत स्तर पर दुविधाएं और असफल हो जाने का अहसास पैदा होता है; किन्तु सामाजिकता यानी मित्र, परिवार, प्रियजनों के आसपास होने से यह अहसास "आत्महत्या" के विचार में तब्दील नहीं होने पाता.

एक महत्वपूर्ण बात यह है कि जब स्वास्थ्य के उपचार के लिए सेवाओं की बात आती है, तब सामुदायिक स्वास्थ्य में दर्ज सकारात्मक-संवेदनशील-सामान्य व्यवहार और परामर्श की व्यवस्था को सेवा की केन्द्रीय जरूरत के रूप में लागू क्यों नहीं किया जाता है? स्वास्थ्य नीति बनाने वाले विशेषज्ञ "मरीजों से साथ अच्छे व्यवहार और सकारात्मक परामर्श" को इतना नज़रंदाज़ क्यों करते हैं?

हमें यह भी समझना होगा कि सबके लिए स्वास्थ्य (हेल्थ फार आल) के वायदे में केवल दवाओं या उपचार की बात का वायदा नहीं होता; इसमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए बेहतर परिस्थितियां बनाए जाने का वायदा किया जाता है. महत्वपूर्ण यह है कि लोग बीमार न पड़ें; फिर भी यदि बीमार पड़ जाएँ तो उन्हें अच्छा उपचार मिले. वास्तव में स्वास्थ्य के अधिकार को तकनीकी व्यवस्था के नज़रिए से नहीं, मानवीय संवेदनाओं के नज़रिए से स्थापित किये जाने की जरूरत है.

उपचार के आर्थिक कारण और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

एक अन्य बिंदु है स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार और उसकी अर्थव्यवस्था का; भारत में स्वास्थ्य पर होने वाले कुल व्यय में से लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा लोगों की जेब से आता है. केवल 20 फीसदी व्यय ही सरकार के खाते से आता है. यह भी एक स्थापित तथ्य है कि हर साल लभग 4 प्रतिशत को केवल इसलिए गरीब हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें अपनी बीमारी के इलाज़ के लिए अपनी तरफ से "बहुत ज्यादा व्यय" करना पड़ता है. भारत में 1 से 2 करोड़ लोग गंभीर मानसिक विकारों की गिरफ्त में हैं, 5 करोड़ लोग गंभीर अवसाद के शिकार हैं, फिर भी हम अपने कुल स्वास्थ्य बजट का केवल 0.06 प्रतिशत हिस्सा मानसिक स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं. भारत में दस लाख की जनसँख्या पर केवल तीन चिकित्सक उपलब्ध हैं, जबकि मानकों के मुताबिक 56 मनोचिकित्सक होना चाहिए. भारत में 66200 मनोचिकिसकों की जरूरत है. ऐसे में हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था ही लोगों को मंहगे और नियमनों से बाहर खड़ी हुई निजी स्वास्थ्य व्यवस्था की तरह जाने के लिए मजबूर करती है. जिसका परिणाम होता है और ज्यादा गरीबी.

जिस तरह से चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था का भी निजीकरण हुआ है, उससे यह शिक्षा बहुत मंहगी हुई है. चिकित्सा में स्नातक होने के लिए एक करोड़ रूपए और स्नातकोत्तर-विशेषज्ञता के लिए 2 करोड़ रूपए का व्यय हो रहा है. ऐसे में चिकित्सक का व्यवहार नियंत्रित कैसे होगा?

यह तो मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है, पर सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं का क्या? सरकार उसे पूरी तरह से निजी क्षेत्र को सौंप देना चाहती है. सेण्टर फॉर इंश्योरेंस एंड रिस्क मेनेजमेंट और इंटरनेशनल फ़ूड पोलिसी रिसर्च ने मध्यप्रदेश के दो जिलों में एक अध्ययन किया जिससे पता चला कि ग्रामीण इलाकों में 40 प्रतिशत परिवारों में किसी सदस्य के बीमार पडने के कारण परिवार की आय पर गहरा आघात पड़ता है. इस अध्ययन के मुताबिक़ गाँव के हर परिवार पर औसतन 78828 रूपए का क़र्ज़ है; इसमे से 17 से 18 प्रतिशत क़र्ज़ 29 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर बीमारी के इलाज़ के लिए लिया गया.

आज हम एक ऐसे देश के रूप में जाने जाते हैं जहाँ दुनिया के में सबसे ज्यादा बच्चे अपना पहला जन्मदिन मनाने से पहले मर जाते हैं, सबसे ज्यादा मातृत्व मौतें यहाँ होती है. दुनिया के आधे कुष्ठ रोगी (130 हज़ार) और 21 प्रतिशत तपेदिक-टीबी के रोगी (19 लाख) भारत में रहते हैं. यह एक दुखद तथ्य है कि भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में बेहद गैर-जिम्मेदार रवैय्या अपनाया है. भारत में वर्ष 2011 के स्थिति में स्वास्थ्य पर लगभग 2500 रूपए का कुल खर्चा हो रहा है, इसमे से सरकार केवल 675 रूपए खर्च कर रही है और बाकी 1825 रूपए लोगों के निजी खाते से खर्च हो रहे हैं और यह लोगों को कर्ज़दार बनाने में सबसे अहम् भूमिका निभा रहा है. बेहद दुखद है कि भारत में वर्ष 2011 की स्थिति में दवाओं के लिए प्रतिव्यक्ति केवल 43 रूपए वार्षिक आवंटन किया जा रहा था और केवल 5.4 प्रतिशत लोगों को ही मुफ्त दवाइयां मिल पा रही हैं. बदहाली लाकर इस बात के लिए माहौल बनाया गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण कर दिया जाए.

12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए बने विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट के मुताबिक भारत को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए 6.26 लाख चिकित्सक सहित 49.69 लाख स्वास्थ्य कर्मचारियों की जरूरत है. इसके साथ ही हमें 187 मेडिकल कालेजों, 383 नर्सिंग स्कूल्स और 232 एएनएम स्कूल्स की जरूरत है. इस जरूरत को पूरा करने के लिए भारत सरकार तैयार नहीं है और योजना आयोग ऐसे में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने की शर्त लादता है. पिछले 35 सालों में नीति के स्तर पर सरकार की प्राथमिकता की सूची में से स्वास्थ्य क्षेत्र बाहर होता गया है.

ये परिस्थितियां हमें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पंहुच और समाज में मानसिक रोगों के प्रति एक सघन पहल करने के लिए प्रेरित करती हैं. इस तथ्य को नज़रंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए कि भारत में सभी लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य नहीं मिल पा रही हैं, इतना ही नहीं मानवीयता के व्यवहार का भी इनमें अभाव दिखाई देता है. यह वक्त की अनिवार्य जरूरत है कि लंबी, असाध्य और पीड़ादायक रोगों से प्रभावित व्यक्तियों की सही और सकारात्मक देखरेख की सामाजिक व्यवस्था को पुनःस्थापित किया जाए.

भारत में बीमारियों के कारण आत्महत्याएं - 2001 से 2015

क्षेत्र	कुल आत्महत्या	पैरालिसिस आत्महत्या	कैंसर रोगी आत्महत्या	एड्स रोगी आत्महत्या	मानसिक रोगी आत्महत्या	अन्य लंबी बीमारियाँ	बीमारियों के कारण कुल आत्महत्याएं	प्रतिशत
भारत	**1841062**	**9036**	**11099**	**9415**	**117748**	**237470**	**384768**	**20.9**
मध्यप्रदेश	119085	431	382	587	7198	11981	20579	17.3
राजस्थान	63803	56	117	37	5919	3733	9862	15.5
उत्तरप्रदेश	59458	154	418	438	2894	3852	7756	13.0
पश्चिम बंगाल	202897	712	1757	394	13394	8291	24548	12.1
तमिलनाडु	212313	1332	594	270	7544	40438	50178	23.6
केरल	133278	711	1554	48	17350	17802	37465	28.1
महाराष्ट्र	230288	1273	1504	1567	17991	40678	63013	27.4

बीमारियों के कारण आत्महत्याएं और मानसिक रोगों की स्थिति - भारत 2017:सचिन कुमार जैन /Vikas Samvad, Bhopal, MP, India विकास संवाद | भोपाल, मध्यप्रदेश

बिहार	11538	24	31	28	351	444	878	7.6
ओड़ीसा	66947	130	306	217	1225	2225	4103	6.1
दिल्ली	22856	10	45	53	332	1157	1597	7.0
कर्नाटक	179962	922	795	625	8933	36778	48053	26.7
आँध्रप्रदेश	189754	1510	1516	3841	12118	39391	58376	30.8
गुजरात	87814	581	813	412	8801	10350	20957	23.9

भारत

वर्ष	कुल आत्महत्या	पैरालिसिस आत्महत्या	कैंसर रोगी आत्महत्या	एड्स रोगी आत्महत्या	मानसिक रोगी आत्महत्या	अन्य लंबी बीमारियाँ	बीमारियों के कारण आत्महत्याएं	कुल आत्महत्याओं में से बीमारी के कारण आत्महत्याएं
2001	108506	772	780	741	5858	15974	24125	22.2
2002	110417	648	587	525	6440	17296	25496	23.1
2003	110851	514	652	769	7323	15636	24894	22.5
2004	113697	504	822	668	7117	16341	25452	22.4
2005	113914	790	748	1099	7604	14820	25061	22.0
2006	118112	537	747	793	8045	16497	26619	22.5
2007	122637	496	952	794	8638	16452	27332	22.3
2008	125017	652	741	815	8699	16651	27558	22.0
2009	127151	716	841	677	8469	16028	26731	21.0
2010	134599	582	828	545	9465	17044	28464	21.1
2011	135585	539	624	451	8802	16154	26570	19.6
2012	120488	536	587	525	7769	15699	25116	20.8
2013	134799	724	781	590	8006	16325	26426	19.6
2014	131666	408	582	233	7104	15419	23746	18.0
2015	133623	618	827	190	8409	11134	21178	15.8
कुल	**1841062**	**9036**	**11099**	**9415**	**117748**	**237470**	**384768**	20.9

केरल

वर्ष	कुल आत्महत्या	पैरालिसिस आत्महत्या	कैंसर रोगी आत्महत्या	एड्स रोगी आत्महत्या	मानसिक रोगी आत्महत्या	अन्य लंबी बीमारियाँ	बीमारियों के कारण आत्महत्याएं	कुल आत्महत्याओं में से बीमारी के कारण आत्महत्याएं
2001	9572	18	143	6	954	1272	2393	25.0
2002	9810	136	116	1	1013	1223	2489	25.4
2003	9438	44	42	16	1352	1284	2738	29.0
2004	9053	30	86	2	1381	1322	2821	31.2
2005	9244	35	85	3	1395	1223	2741	29.7
2006	9026	11	65	2	1511	1285	2874	31.8
2007	8962	24	85	1	1384	1329	2823	31.5
2008	8569	17	76	2	1315	1329	2739	32.0
2009	9113	69	174	3	1425	1291	2962	32.5
2010	8586	87	159	7	1270	1095	2618	30.5

2011	8431	39	76	1	1094	1120	2330	27.6
2012	8490	64	116	1	1182	867	2230	26.3
2013	8846	63	155	1	614	893	1726	19.5
2014	8446	14	76	1	763	1271	2125	25.2
2015	7692	60	100	1	697	998	1856	24.1
कुल	**133278**	**711**	**1554**	**48**	**17350**	**17802**	**37465**	28.1

मध्यप्रदेश

वर्ष	कुल आत्महत्या	पैरालिसिस आत्महत्या	कैंसर रोगी आत्महत्या	एड्स रोगी आत्महत्या	मानसिक रोगी आत्महत्या	अन्य लंबी बीमारियाँ	बीमारियों के कारण आत्महत्याएं	कुल आत्महत्याओं में से बीमारी के कारण आत्महत्याएं
2001	6860	7	6	6	278	651	948	13.8
2002	6899	20	16	54	243	887	1220	17.7
2003	6762	57	59	2	266	781	1165	17.2
2004	6795	21	26	2	312	807	1168	17.2
2005	5448	32	12	3	321	612	980	18.0
2006	6435	39	36	25	322	681	1103	17.1
2007	6329	10	9	52	304	647	1022	16.1
2008	7629	43	55	134	514	633	1379	18.1
2009	9113	53	25	173	383	671	1305	14.3
2010	9003	40	24	15	534	748	1361	15.1
2011	9259	37	16	10	632	1142	1837	19.8
2012	9775	7	16	54	600	1120	1797	18.4
2013	9446	13	18	52	724	974	1781	18.9
2014	9039	19	25	2	538	979	1563	17.3
2015	10293	33	39	3	1227	648	1950	18.9
कुल	**119085**	**431**	**382**	**587**	**7198**	**11981**	**20579**	17.3

राजस्थान

वर्ष	कुल आत्महत्या	पैरालिसिस आत्महत्या	कैंसर रोगी आत्महत्या	एड्स रोगी आत्महत्या	मानसिक रोगी आत्महत्या	अन्य लंबी बीमारियाँ	बीमारियों के कारण आत्महत्याएं	कुल आत्महत्याओं में से बीमारी के कारण आत्महत्याएं
2001	3195	2	4	2	257	250	515	16.1
2002	3248	1	7	3	286	302	599	18.4
2003	3661	6	6	3	312	367	694	19.0
2004	3725	0	8	7	359	257	631	16.9
2005	4178	0	1	2	354	303	660	15.8

2006	4263	1	7	2	357	314	681	16.0
2007	4437	8	18	5	397	199	627	14.1
2008	5166	3	20	3	458	341	825	16.0
2009	5065	7	3	0	442	369	821	16.2
2010	4920	4	3	1	601	197	806	16.4
2011	4348	3	2	2	508	204	719	16.5
2012	4821	3	7	3	451	196	660	13.7
2013	4860	4	8	3	474	134	623	12.8
2014	4459	8	11	0	316	148	483	10.8
2015	3457	6	12	1	347	152	518	15.0
कुल	**63803**	**56**	**117**	**37**	**5919**	**3733**	**9862**	15.5

उत्तरप्रदेश

वर्ष	कुल आत्महत्या	पैरालिसिस आत्महत्या	कैंसर रोगी आत्महत्या	एड्स रोगी आत्महत्या	मानसिक रोगी आत्महत्या	अन्य लंबी बीमारियाँ	बीमारियों के कारण आत्महत्याएं	कुल आत्महत्याओं में से बीमारी के कारण आत्महत्याएं
2001	3516	14	34	12	143	211	414	11.8
2002	4250	7	11	74	180	302	574	13.5
2003	3663	5	17	52	133	225	432	11.8
2004	3637	8	30	18	90	248	394	10.8
2005	3449	12	26	10	94	291	433	12.6
2006	3099	13	44	29	120	198	404	13.0
2007	3927	7	37	29	140	358	571	14.5
2008	4088	9	45	33	177	291	555	13.6
2009	4158	13	21	8	140	376	558	13.4
2010	3628	2	21	1	215	240	479	13.2
